दिनांक 22- 12 -22 , को सेबी द्वारा स्थापित , 'राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान ' के द्वारा कोना कोना शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का शुभारंभ

जनता कॉलेज बकेवर में आज दिनांक 22- 12 -22 , को सेबी द्वारा स्थापित , 'राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान' के द्वारा कोना कोना शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत दो दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पूंजी बाजार में सृजित होने वाले अवसरों क बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री एम के सिंह एवं श्रीमती सोनिया यादव को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया । द्वितीय दिवस के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभूति बाजार मे विनियोग की प्रक्रिया एवं उसकी पूर्व मांग के बारे में बताया । कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने विधार्थियो को वित्तीय जागरूकता की आवश्यकता तथा इस तरह के कार्यक्रम की उनके जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया एवं प्रतिभूति बाजार में विनियोग के पूर्व सावधानियों के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम सत्र मे प्रतिभूति बाजार के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों बारे में जानकारी प्रदान की गयी । कार्यक्रम के दौरान पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया ।कार्यक्रम सह संयोजक श्री गोपीनाथ मौर्या ने द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की उपलब्धियों के अंतर्गत विनियोजक को सबसे पहले अपनी अतिरिक्त आय का निर्धारण करके ततपश्चात नियोजित तरीके से वित्तीय प्रतिभूतियों में से किसी प्रतिभूति का चयन अपने द्वारा जोखिम वहन करने की क्षमता के अनुसार पूंजी बाजार में विनियोजित करके प्रवेश किया जा सकता है , को सूक्ष्म में बताया । कार्यक्रम का समापन वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ योगेश शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार पांडे , डॉ डी जे मिश्रा , डॉ ललित गुप्ता ,डॉ प्रकाश दुबे , श्री शिव मोहन अग्निहोत्री , श्री गजेंद्र सेंगर , अरविंद मिश्रा तथा वाणिज्य संकाय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

NiSM
National Institute of Securities Markets
Kona Kona Shiksha
kotak
Life Goals...
Building your home
Marriage
Setting up a small business
Buying agricultural land